# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक- 05 अक्टूबर, 2025** **थाना पहासु**

## स्टाम्प पर फर्जी नोटरी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 04 फर्जी मोहर व 215 स्टाम्प पेपर आदि बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05.10.2025 को थाना पहासू पुलिस द्वारा एक अभिसूचना पर संजय गोस्वामी कम्प्यूटर सेंटर कस्बा पहासू से स्टाम्प पर फर्जी मोहर लगाकर नोटरी करने वाले 01 शातिर अभियुक्त को 04 फर्जी मोहर व 215 स्टाम्प पेपर आदि सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पहासु पर मुअसं- 346/25 धारा 318(4) /336(2) /336(3) /338 /340(2) बीएनएस व 12(A) नोटरी अधि0 पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. संजय गोस्वामी पुत्र मुरारी लाल गिरी निवासी मौ0 कानून गोयान कस्बा व थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 15 खाली ई-स्टाम्प (10 रुपये), 123 खाली स्टाम्प (20 रुपये), 15 खाली स्टाम्प (10 रुपये)
   62 खाली स्टाम्प (100 रुपये)
2. 04 फर्जी मोहर

**उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी हैं। जिसके द्वारा उसकी कस्बा पहासू में स्थित दुकान संजय गोस्वामी कम्प्यूटर सेंटर में स्टाम्प पर फर्जी मोहर लगाकर नोटरी तैयार किये जाते थे।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री अशोक कुमार थानाध्यक्ष थाना पहासू।
2. उ0नि0 सुरेश सिंह कुशवाहा, उ0नि0 रवि कुमार , उ0नि0 गौरव कुमार।
3. का0 संतोष यादव।



**मीडिया सेल बुलंदशहर।**